# न्यायालय जिला कलक्टर, बांसवाड़ा (राज.)

## पीठासीन अधिकारी – डॉ.इंद्रजीत यादव, IAS

जिला कलक्टर, बांसवाड़ा
प्रकरण संख्या : 20/2025
जीसीएमएस नं. : 2025/21

**प्रार्थी :–** सरकार जरिये प्रवर्तन निरीक्षक, जिला रसद कार्यालय, बॉसवाडा

**बनाम**

**अप्रार्थी :–** श्री मुन्सिफ अहमद पिता लाल मोहम्मद, प्रोपराईटर अली रहमान नॉनवेज हॉटल, मुस्लिम कोलोनी, बांसवाडा (राजस्थान)

**उपस्थित**

–विभागीय प्रतिनिधि अप्रार्थी स्वयं

## निर्णय

**प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 6–ए आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955**

**दिनांक :– 19–02–2025**

संक्षेप में प्रकरण इस प्रकार है कि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग राजस्थान सरकार द्वारा घरेलू एलपीजी सिलेण्डरो के दुरुपयोग/ अवैध रिफिलिंग के विरुद्ध दिनांक 07.10.2024 द्वारा दिये गये निर्देशो के तहत दिनांक 09.01.2025 को मुस्लिम कोलोनी, बांसवाडा स्थित अली रहमान नॉनवेज हॉटल की जांच उसके प्रोपराईटर श्री मुन्सिफ अहमद की उपस्थिति में श्री गौरव सुथार प्रवर्तन निरीक्षक, श्री विनोद कुमार पाटीदार प्रवर्तन निरीक्षक द्वारा की गई। मौके पर 1 घरेलु सिलेण्डर का व्यवसायिक उपयोग हेतु भण्डारण करना पाया गया। उक्त गैस सिलेण्डर का विवरण निम्नानुसार है–

| क्र. सं. | नाम ऑयल कम्पनी | सिलेंडर का एस. आर. नम्बर | कुल वजन किग्रा. में | खाली सिलेण्डर वजन | गैस का वजन |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भारत गैस | 99249 | 17.900 | 16.200 | 1.700 |

Signature Not Verified
Digitally signed by Inderjeet Yadav
Date: 2025.03.27 12:45:34 IST
Reason: SelfAttested

श्री मुन्सिफ अहमद द्वारा व्यवसायिक स्थान पर घरेलू गैस सिलेण्डर के भण्डारण के सम्बन्ध में किसी प्रकार का संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया न ही किसी प्रकार के साक्ष्य प्रस्तुत किए गए। इस प्रकार मौके पर व्यवसायिक स्थान पर 01 घरेलु सिलेण्डर का व्यवसायिक उपयोग हेतु

जिला कलक्टर

Scanned with OKEN Scanner

अवैध भण्डारण करना पाये जाने एवं द्रवित पेट्रोलियम गैस (प्रदाय का विनियमन एवं वितरण) आदेश 2000 के खण्ड 3 (ग), 4(1 क), 6, 7 (क,ख,ग) का उल्लघंन होने के साथ ही आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के खण्ड 3/7 के तहत दण्डनीय अपराध है। मौके पर पाये गये 01 घरेलु गैस सिलेण्डर जब्त किया जाकर शहिद रामचन्द्र गैस एजेन्सी, बांसवाडा के अधिकृत प्रतिनिधि श्री सूरज कटारा/ रुपचन्द कटारा को सुपुर्दगी में दिया गया।

इस प्रकार प्रवर्तन निरीक्षक द्वारा प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 6–ए आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत प्रस्तुत कर मौके से उपरोक्तानुसार जप्त 01 घरेलु गैस सिलेण्डर को राजसात करने हेतु निवेदन किया।

प्रकरण दर्ज कर अप्रार्थी को जरिये समन तलब किया गया। दिनांक 19.02.2025 को अप्रार्थी ने जवाब प्रस्तुत कर निवेदन किया कि अप्रार्थी द्वारा हमेशा हॉटल के लिये जो गैस सिलेण्डर व्यवसायिक उपयोग के लिये ही उपयोग में लिया जाता है परन्तु निरीक्षण दिनांक को अप्रार्थी आवश्यक कार्य से बाजार गया हुआ था और अचानक गैस खत्म हो जाने के कारण उसके पुत्र द्वारा गलती से घर में रखा गैस सिलेण्डर अज्ञानतावश लगा दिया गया जो आपात स्थिति में कुछ समय के लिये लगाया गया था। भविष्य में इस प्रकार की गलती नही करेगा। श्रीमान् जो भी आदेश जारी करे वह उसे मान्य है। बहस के दौरान अप्रार्थी द्वारा जवाब में उल्लेखित बिन्दुओ को दौहराया।

विभागीय प्रतिनिधि की ओर से प्रस्तुत बहस सुनी गई। विभागीय प्रतिनिधि ने कथन किया कि दिनांक 09.01.2025 को मुस्लिम कोलोनी, बांसवाडा स्थित अली रहमान नॉनवेज हॉटल की जांच उसके प्रोपराईटर श्री मुन्सिफ अहमद की उपस्थिति में श्री गौरव सुथार प्रवर्तन निरीक्षक, श्री विनोद कुमार पाटीदार प्रवर्तन निरीक्षक द्वारा की गई। मौके पर 1 घरेलु सिलेण्डर का व्यवसायिक उपयोग हेतु भण्डारण करना पाया गया। श्री मुन्सिफ अहमद द्वारा व्यवसायिक स्थल पर घरेलु गैस सिलेण्डर के भण्डारण के सम्बन्ध में किसी प्रकार का संतोषजनक जवाब नही दिया गया, न ही किसी प्रकार के साक्ष्य प्रस्तुत किए गए। इस प्रकार मौके पर व्यवसायिक स्थान पर 01 घरेलु सिलेण्डर का व्यवसायिक उपयोग हेतु अवैध भण्डारण करना पाये जाने एवं द्रवित पेट्रोलियम गैस (प्रदाय का विनियमन एवं वितरण) आदेश 2000 के खण्ड 3 (ग), 4(1 क), 6, 7 (क,ख,ग) का उल्लघंन होने के साथ ही आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के खण्ड 3/7 के तहत दण्डनीय अपराध है। मौके पर पाये गये 01 घरेलु गैस सिलेण्डर जब्त किया जाकर शहिद रामचन्द्र गैस एजेन्सी, बांसवाडा के अधिकृत प्रतिनिधि श्री सूरज कटारा/ रुपचन्द कटारा को सुपुर्दगी में दिया गया। प्रार्थना पत्र

Signature Not Verified
Digitally signed by Inderjeet Yadav
Date: 2025.03.27 12:45:34 IST
Reason: Self Attested

जिला कलक्टर
बांसवाडा (राज.)

Scanned with OKEN Scanner

अन्तर्गत धारा 6–ए आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 स्वीकार कर उपरोक्तानुसार जप्त 01 घरेलु गैस सिलेण्डर को राजसात करने हेतु निवेदन किया।

हमने पत्रावली का गहनतापूर्वक अवलोकन किया। अप्रार्थी से उपरोक्तानुसार व्यवसायिक स्थान पर 01 घरेलु सिलेण्डर का व्यवसायिक उपयोग एवं भण्डारण करना पाया गया है। पत्रावली के संलग्न फर्द मौका एवं जब्ती पर अप्रार्थी के हस्ताक्षर है। इस प्रकार अप्रार्थी द्वारा व्यवसायिक फर्म पर घरेलु गैस का उपयोग किया जाना व भंडारण किया जाना प्रमाणित है।

अतः प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 6–ए आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 स्वीकार किया जाकर उपरोक्तानुसार जब्त शुदा 01 घरेलु गैस सिलेण्डर को राजसात किये जाने के आदेश दिये जाते है। जिला रसद अधिकारी, बांसवाड़ा उक्त गैस सिलेण्डर का नियमानुसार निस्तारण करें।

निर्णय आज दिनांक 19–02–2025 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(डॉ. इन्द्रजीत यादव)
जिला कलक्टर
बांसवाड़ा (राज.)

जिला कलक्टर
बांसवाड़ा (राज.)

कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट (राज.)

Signature Not Verified

Digitally signed by Inderjeet Yadav
Date: 2025.03.27 12:45:34 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with OKEN Scanner